मुल्य रु. ५-००

सलंग अंक ७१ मार्च-२०१३

श्री स्वामिनारायण

मासिक

श्री स्वामिनारायण मंदिर
भीमपुरा का पंचम पाटोत्सव

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) अमदावाद जामफलवाड़ी श्री स्वामिनारायण मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर सभा में आशीर्वाद देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री । (२) श्री स्वामिनारायण मंदिर विहार के पाटोत्सव प्रसंग पर सभा में आशीर्वाद देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री तथा पू. महाराजश्री की आरती उतारते हुए यजमान परिवार ।(३) श्री स्वामिनारायण मंदिर घनश्यामनगर धनाला (मूलीदेश) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर अन्नकूट आरती उतारते हुए तथा शोभायात्रा में दर्शन देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री (४) जसापर गाँव (मूलीदेश) के कलात्मक प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री साथ में दाता रमेशभाई पटेल । (५) सुरेन्द्रनगर मंदिर में कथा प्रसंग पर प.पू. बड़े महाराजश्री का पूजन करते हुए यजमान श्रीहरिकृष्णभाई गांधी ।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र
वर्ष - ६ ● अंक : ७१
मार्च-२०१६

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०३
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०४
०३.	भगवान खम्भे को बांह में लिये	०६
०४.	ते जे ते	०८
०५.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	०९
०६.	सत्संग बालवाटिका	११
०७.	भक्ति सुधा	१४
०८.	सत्संग समाचार	२३

संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● वंशपारंपरिक देश में ५०१-०० ● विदेश १०,०००-०० ● प्रति कोपी ५-००

॥ अस्मदीयम् ॥

अमे वारे वारे श्री नरनारायणदेव नुं मुख्यपणुं लावीए छीए, तेनुं तो एज हारद छे के, श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम अक्षरधाम ना धामीजे श्री नरनारायण ते ज आ सभा में नित्य विराजे छे, ते सारु मुख्यपणुं लावीए छीए अने ते सारु अमे अमारुं रुप जाणी ने लाखो रुपियानुखरच करीने शिखर बंधमंदिर श्री अमदावाद में करावीने श्री नरनारायणदेव नी मूर्तिनुं प्रथम पधरावी छे. अने ए श्री नरनारायणदेव तो अनंत ब्रह्मांडना राजा छे अने तेमा पण आजे भरत खंड तेना तो विशेष राजा छे अने प्रत्यक्ष श्री नरनारायणदेव तेने मेली ने आ भरत खंडना मनुष्य बीजा देवने भजे छे, ते तो जेम व्यभिचारीनी स्त्रीनुं तो पोताना धणी ने मेलीने बीजा जार ने भजे तेम छे। अने श्री नरनारायण भरत खंडना राजा छे , ने भागवत मां कह्युं छे। अने अमे आ संत सहित जीवुं ना कल्याणने अर्थे प्रगट थया छीए ते माटे तमे जो अमारुं वचन मानशो तो अमे जे धाम मांथी आव्या छीए ते धाममां तमने सर्वे ने तेडी जाशुं अने तमे पण एम जाण्यजो जे, अमारुं कल्याण थई चूक्युं छे। अने बड़ी अमारो दृढ विश्वास राखशो ने चाहिए तेम करशो तो तमने महाकष्ट कोईक आवी पडशे तेथी अथवा सात दकाली जेवुं पडशे ते थकी रक्षा करशुं. अने कोई ऊगर्या नो आरो न होय एवुं कष्ट आवी पडशे तो य पण रक्षा करशुं। जो अमारा सत्संगना धर्म बहु रीते करीने पालशो तो ने, सत्संग राखशो तो अने नहीं राखो तो महा दुःख पामशो, तेमां अमारे लेणा देणा नथी। प्रिय हरिभक्तों। जितने भी श्रीहरि के आश्रित भक्त हैं वे सभी उपरोक्त श्रीजी महाराज के इस वचनामृत के जीवन में अवस्य उतारें।

यह आज्ञा मानने में ही सभी का कल्याण है, श्रेय है, मोक्ष की प्राप्ति है। इससे अधिक कुछ कहना नहीं।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१३)



३. श्री स्वामिनारायण मंदिर हलवद (घनश्यामनगर) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण ।

२. श्री स्वामिनारायण मंदिर कुहा-शाकोत्सव प्रसंग एवं सभा प्रसंग पर पदार्पण ।

३. श्री स्वामिनारायण मंदिर दहेगाँव शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।
श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा द्वारा आयोजित शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण, उमियां केम्पस-सोला ।

७. श्री स्वामिनारायण मंदिर रामोली जामफलवाडी मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण ।
सायंकाल नाईरोबी के लिए प्रस्थान ।

८. से १२. तक श्री स्वामिनारायण मंदिर नाईरोबी (देश) के भूमिपूजन प्रसंग पर पदार्पण ।

१३. श्री स्वामिनारायण मंदिर उमरडा (मूलीदेश) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण ।

१६. श्री स्वामिनारायण मंदिर उवारसद पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

१७. श्री स्वामिनारायण मंदिर गवाडा कथा प्रसंग पर पदार्पण ।
गोपालानन्दजी के २२५ वें जन्म जयंती प्रसंग पर पदार्पण ।

१९. श्री स्वामिनारायण मंदिर बोरणा (मूलीदेश) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२०. श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२१. सिंगाली गाँव में कथा प्रसंग पर पदार्पण ।

२२. श्री स्वामिनारायण मंदिर माधवगढ (प्रांतिज) पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२३. श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटडी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२४. श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२६. हलवद गाँव में मिनरल वोटर फेक्टरी के उद्घाटन प्रसंग पर पदार्पण ।

२७. श्री स्वामिनारायण मंदिर महेसाणा पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२८. श्री स्वामिनारायण मंदिर लींबडी पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

प.पू. भावि आचार्य १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१३)

३. श्री स्वामिनारायण मंदिर जीवराजपार्क शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

९. श्री स्वामिनारायण मंदिर वरसोडा पदार्पण ।

१५. श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंचमी के उत्सव पर पदार्पण ।

२४. श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

भगवान खम्भे को बांह में लिये

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुर धाम)

विश्व में संप्रदाय का सर्व प्रथम श्री स्वामिनारायण मंदिर का अहमदावाद में भगवान श्री स्वामिनारायण की आज्ञा से आनंदानन्द स्वामी मंदिर निरमाण का कार्य करवा रहे थे । स्वयं श्रीहरि ५०० परमहंसो के साथ मस्तक पर पत्थर उठाकर मंदिर निर्माण कार्य में लगे थे । गाँव-गाँव से हरि भक्त स्वयं की बैलगाडी लेकर झालावाड तथा साबरकांठा की खान में से पत्थर ढोने का कार्य कर रहे थे । जिसे जितना समय मिलता था श्रद्धा की अनुकूला के अनुसार सेवा में लग जाते थे । ऐसे सेवा करने वालों के ऊपर महाराज प्रसन्न होकर अपने चरणारविंद की छाप देते थे । उन्हें गले लगाते थे । उन्हीं सेवा भावी भक्तों में एक परम भक्त अंकेवाडिया के जीवाभाई विरुगावा पटेल जो अपने घर का सभी कार्य छोडकर जब से मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तब से अपने बैल तथा बैलगाडी लेकर रात-दिन सेवा में लगे रहते थे । ध्रांगध्रा की खान में से पत्थर के खम्भे भरकर अमदावाद लाते थे । करीब १५ बार बड़े-बड़े पत्थर के खम्भो से भरी हुई बैल गाडी अमदावाद ले आये । एकबार ऐसा हुआ कि जब वे खम्भो से भरी गाड़ी अमदावाद के लिये ला रहे थे उस समय बीच में ही एक बैल का पैर टूट गया । उस बैल को नजदीक के काकरावाडी गाँव में आराम के लिये बांधदिये । उस समय मंदिर का काम बड़े जोर से चल रहा था । बारम्बार संदेशा आता रहता था जल्दी पत्थरों को लेकर-पहुंचिये । भक्तराज घबड़ाये हुये थे । वे दूसरे बैलों को बैलगाडी में लगाते पर वे समर्थ नहीं हो पाते । उनके पुराने बैल की जोड़ी न मिलने से वे स्वयं एक तरफ लग गये । पत्थर का भार इतना अधिक था कि बैल जैसी उनकी क्षमता उन पत्थरों के ढोने में समर्थ नहीं हो पारही थी । फिर भी भगवान का नाम स्मरण करते हुये बीच-बीच में आराम करते हुये वे आगे बढने लगे । यह दृश्य देखकर जिस गाँव से गाड़ी निकलती वहाँ के नरनारी देखने-दर्शन करने आते और यथा सम्भव सहयोग भी करते, कोई पीछे से धक्का मारता तो कोई दूसरे बैल देने की बात करता । लेकिन प्रभु की भक्ति के प्रताप से उन्हें दूसरे बैल को लेने की इच्छा भी नहीं हुई । सम्प्रदाय का प्रथम मंदिर बन रहा था उसमें भी प्रभु की आज्ञा थी इसलिये उत्साह की कोई सीमा नहीं थी । इसलिये जीवा भगत कांकरीवाडी से थोड़े ही दिनो में अमदावाद पहुंच गये । अमदावाद पहुंचने का समाचार सुनकर उससे पहले ही स.गु. आनंदानंद स्वामी शहर से बाहर जाकर जीवा भगत के दर्शन हेतु खड़े हो गये । मंदिर में पहुंच कर जीवा भगत ने कहा कि इस बैल गाड़ी को महाराज खींच कर लाये हैं मैं तो बगल में चल रहा था । इस तरह की भावना व्यक्त करने से उनकी सेवा निर्गुण हो गयी । आनंदानन्द स्वामी उस पत्थर को अच्छी तरह गढवाकर शिल्पशास्त्र के अनुसार मंदिर के ईशान कोने में राधाकृष्ण भगवानके सामने प्रतिष्ठित करवाये ।



श्रीजी महाराज अपने हाथो अपनी बांहो में लेकर श्रीनरनारायण को जिस तरह प्रतिष्ठित किये उसी तरह जीवा भगत द्वारा लाये गये पत्थर को भी गले लगाकर

प्रतिष्ठित किये । उस भक्त की याद करके करुणार्द्र हो गये । इसके बाद श्रीजी महाराज ने कहा कि जो भक्त इस खम्भे का दर्शन करेगा उसे श्री नरनारायणदेव के दर्शन जैसा फल प्राप्त होगा । कभी भगवान के सामने पर आगया हो और इस खम्भे का दर्शन करके जो गायेगा उसे श्री नरनारायणदेव के दर्शन जैसा फल प्राप्त होगा । जो इस खम्भे का स्पर्श करेगा उसके जन्म जन्मान्तर के सभी पाप नष्ट हो जायेंगे । वह सभी पापो से रहित हो जायेगा । खम्भे के स्पर्श मात्र से यमयातना नहीं मिलेगी, इस तरह श्रीहरिने उस खम्भे का माहात्म्य समझाया है ।

उसके बाद श्रीजी महाराज अमदावाद में जब भी श्री नरनारायणदेव के दर्शनार्थ पधारते तब उस खम्भे को अपनी बांहो में भर लेते थे । बडे-बड़े संत उस खम्भे का स्पर्श करने के बाद ही प्रभु दर्शन करते थे । कितने संत हरिभक्त उस खम्भे को दंडवत प्रणाम करते । आदि आचार्य श्री अयोध्याप्रसादजी महाराज प्रतिदिन खम्भे का दर्शन करते थे ।

अमदावाद मंदिर के प्रत्येक पत्थरों का श्रीहरिने तथा नंद संत एवं हरिभक्तो ने स्पर्श किया है । सुवर्ण से अधिक कीमत के प्रासदी के पत्थर है । जिन्हे दर्शन करना हो वे जल्दी दर्शन करलें । इस खम्भे को दस वर्ष पूर्व चांदी से मंडित किया गया था । वह प्रसादी की बैल गाडी प.पू. बड़े महाराजश्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री द्वारा निर्मित श्री स्वामिनारायण म्युजियम में दर्शनार्थ रखी गयी है । इसी तरह अन्य प्रसादी की वस्तुये म्युजियम मे रखी गयी है, सभी का इसी तरह का विशिष्ट माहात्म्य है ।

यह प्रसंग हमने जीवा भक्त के वंशज मावजी छगन देवडी जाह्या भवान जो अंकेवाडिया के है उनके मुख से सुना है । उनका विवाह टेन्ट में हुआ है जहाँ पर वे मिले थे । उनके वंश परम्परा की डायरी में इस तरह लिखा हुआ है जो सत्य है ।

नीचेके महामंदिरोमें नित्य दर्शन के लिये

जेतलपुर : www.jetalpurdarshan.com
छपैया: : www.chhapaiya.com
महेसाणा : www.mahesanadarshan.org
टोरडा : www.gopallalji.com
नारायणघाट: www.narayanghat.com
वडनगर : www.vadnagar.com

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट

www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in

भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० ● शृंगार आरती ८-०५ ● राजभोग आरती १०-१० ● संध्या आरती १८-३० ● शयन आरती २०-३०

श्री स्वामिनारायण मासिक में प्रसिद्ध करने के लिये लेख, समाचार एवं फोटोग्राफ्स ई-मेईल से भेजने के लिए नया एड्रेस

shreeswaminarayan9@gmail.com

ते जे ते

- अतुल बी. पोथीवाला
(मेमनगर-अहमदाबाद)

यह जो हमारी वाणी है वह हमारा स्वरुप है। श्रीहरि की परावाणी स्वरुप शिक्षापत्री में परमेश्वरने जिस सरलता से अपने स्वरुप का परिचय कराया है। वह बड़ा अद्‌भुत है। उस में ते जे ते इनतीन एकाक्षरी शब्दों को अच्छी तरह से एकत्रित करके एक स्वरुप प्रदान किया है। वही स्वरुप बड़ी सरलता से समजा सकता है।

शब्दशास्त्र में प्रतिपादित ते जे ते श्री कृष्ण भगवान का स्वरुप तथा धर्म-भक्ति तथा वैराग्य इन चारो के उत्कर्ष को बताता है।(शिक्षापत्री १०१)

भगवान श्रीकृष्ण की जो भक्ति ते जे ते धर्म के साथ करनी चाहिये।(शिक्षापत्री १०२)

जो ईश्वर है वे ते जे ते जिस तरह हृदय में जीव है उसी तरह अन्तर्यामी रुप में सभी कर्मफलको देने वाला ईश्वर को भी जानना चाहिये।(शिक्षापत्री १०८) समर्थ ऐसे भगवानश्री कृष्ण ते जे ते राधिकाजी के साथ समझना चाहिये। जब रुक्मिणीजी के साथ हो तब लक्ष्मीनारायण के रुप में समझना ते जे ते श्रीकृष्ण जब अर्जुन के साथ हो नरनारायण के रुप में समझना। (१०९, १११ शिक्षापत्री)

ते जे ते अर्थात् परब्रह्म श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम नारायण श्री स्वामिनारायण भगवान ते अर्थात् वेही ईष्टदेव है।

श्रीजी महाराज ने जो भी ज्ञान की वात की है वह सब अपने स्वरुप को समझाने के लिये कही है।

अक्षरातीत जो पुरुषोत्तम भगवान है ते जे ते सभी अवतारो के कारण है। सभी अवतार पुरुषोत्तम में से प्रगट होते है और उन्हीं में लीन होते हैं।(ग.म. १३)

ते जे ते भगवान का जिन्हे दृढ आश्रय हो वे निर्विध्न मार्ग पार कर लेते हैं।(ग.म. १३)

जो मूर्ति में तेज है वह प्रत्यक्ष महाराज ही है।

यह वात (ते जे ते) श्री स्वामिनारायण भगवान की वात जिन्हे समझ में आगयी वे ही अवतार के कारण को समझ सकते हैं। महाराज स्वयं कहते हैं कि हमे सत्संगी या परमहंस के पास से कोई स्वार्थ सिद्ध नहीं करना है, फिर भी हम सभी को साथ रखते हैं। किसी को बहुत प्रेम करते हैं, किसी को दूर करदेते हैं यह वात समझ में आजाय तो सभी का कल्यण हो जाय। यह वात समझकर जीवन में उतारने की जरुरत है यही हमारी आज्ञा है। यह वात जब तक जीव रहे तब तक नित्य करनी है मरने के बाद भी यह चिन्तन करते रहना है। (ग.म. १३)

ते जे ते इस शब्द समूह में श्रीहरि के परावाणी का कार्य है। इस में दोनो अर्थ छिपे हुये हैं। ते जे श्री स्वामिनारायण भगवान तथा तेज वे ही अपने इष्टदेव है। ते जे श्री सहजानंद महाराज का अति दृढ आश्रय तेज एकमात्र कल्याण करने का मार्ग है।

ते जे ते अपने इष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवान को प्रार्थना करे कि हे महाराज ! हमे आपका सर्वोपरिता का भाव यथार्थरुप से समझमें आवे और आपका आश्रय दृढता के साथ हम कर सकें। शरीर रहे तब तक और शरीर के छूटने के बाद भी आप का ही आश्रय रहे।

अपने आगामी उत्सव

फाल्गुन शुक्ल-१५ ता. २७-३-२०१३ बुधवार को श्री नरनारायणदेव जयंती फूलदोलोत्सव प.पू. लालजी महाराजश्री के वरद् हाथों से दोपहर में १२-०० बजे श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर.

फाल्गुन कृष्ण-८ ता. ३-४-२०१३ बुधवार को जेतलपुरधाम श्री रेवती बलदेवजी हरिकृष्ण महाराज का पाटोत्सव।

चैत्र शुक्ल-५ ता. १५-४-२०१३ सोमवार को अंजार (कच्छ) श्री घनश्याम महाराज का पाटोत्सव।

चैत्र शुक्ल-९ ता. २०-४-२०१३ शनिवार को सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवान का प्रागट्यदिन रामनवमी अमदावाद मंदिर में उत्सव। अक्षर भुवन बाल स्वरुप घनश्याम महाराज का पाटोत्सव।

श्री स्वामिनारायण म्युझियम

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा को श्री नरनारायणदेव जयंती के अवसर पर श्रीहरिने अमदावाद में संत तथा हरिभक्तो के साथ फूल दोलोत्सव का उत्सव किया था। सभी के साथ रंग खेले थे। उसी समय से प्रतिवर्ष अमदावाद मंदिर में आचार्यश्री परंपरा को स्थायी रखकर रंगोत्सव मनाते है। यही परम्परा रंगोत्सव की मूली में वसंत पंचमी के दिन मनायी जाती है। म्युजियम में हाल नं. ४ तथा ७ में पिचकारी दर्शनार्थ रखी गयी है। अमदावाद में जिस तख्तो पर खड़ा होकर रंग खेले थे वह तख्ता तथा रंगोवाला श्रीजी का वस्त्र भी होल में रखा गया है।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि फरवरी-२०१२

रु. १०००००/-	निरमा फाउन्डेशन ट्रस्ट, अमदावाद
रु. १०००००/-	निमा मेमोरियल ट्रस्ट, अमदावाद
रु. १००००/-	जीतुभाई भुजंगीलाल महेता, वडोदरा
रु. १००००/-	अ.नि. लालजीभाई लवजीभाई पटेल अमदावाद, अ.नि. अमृतबहन लालजीभाई पटेल, अ.नि. हसमुखभाई लालजीभाई पटेल, जयंतीभाई, जयप्रकाशभाई तथा अश्विनभाई द्वारा प्रसादी के स्तम्भ हेतु
रु. ५१०००/-	श्री स्वामिनारायण मंदिर, टोरडा
रु. ५१०००/-	अ.नि. पटेल जीवीबहन पोपटलाल जोईताराम परिवार, मोखासण
रु. २५०००/-	चंदुभाई त्रिकमदास पटेल, करजीसण
रु. ११०००/-	प.पू. बड़े महाराजश्री की तरफ से चि. सुव्रतकुमार तथा चि. सौम्यकुमार के जन्मोत्सव प्रसंग पर (पू. बिन्दुराजा के पुत्र)
रु. ११०००/-	विनोदभाई नीलाबहन पटेल, धर्मज
रु. ७१००/-	श्री स्वामिनारायण मंदिर, गवाडा
रु. ५५५५/५५	काचा टेलर्स - कपिलभाई, लेस्टर
रु. ५०००/-	जगदीशभाई ए. पटेल, माणेकपुर
रु. ५०००/-	भाविककुमार भगाभाई पटेल, माणेकपुर
रु. ५०००/-	नीता बहन, किंजलबहन, सविताबहन, कलोल
रु. ५०००/-	मीनाबहन के. जोषी, घनश्याम एजि. अमदावाद
रु. ५०००/-	भरतभाई दलसंगभाई चौधरी, भीमपुरा

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (फरवरी-२०१२)

ता. १-१	बाबुलाल त्रिकमलाल ठक्कर, विरमगाँव।
ता. ७-२	केतनभाई शर्मा, यु.एस.ए.
ता. ९-२	पटेल प्राणजीवणभौई कानजीभाई, देवपुरा, परेश, विशाल तथा नील, ओस्ट्रेलीया
ता. १०-२	राजूभाई कान्तिभाई पटेल
ता. १०-२	स्वा. हरिप्रियदासजी, गांधीनगर की प्रेरणा से किरणबाई वी. गांधी.
ता. १४-२	श्री स्वामिनारायण मंदिर बहनो का घांचीवाड, सां.यो. कंचनबा, हीराबा, भगुबा, ध्रांगध्रा
ता. १६-२	नारणभाई अमथीदास पटेल परिवार, वडुवाला
ता. २३-२	जेमीबहन जयेशभाई पटेल, सीडनी

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में आनेवाले को सूचित करना है कि म्युजियम में रखी हुई तस्वीर का फोटोलेना या विडियो शूटिंग करना सख्त मना है। भूतकाल में किसी ने फोटो या विडियों शूटिंग किया हो तो उसे प्रकाशित नहीं कर सकता है यदि किया तो उसके ऊपर नियमपूर्वक कार्यवाही की जायेगी। जिसकी सभी को जानकारी हो।

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिखवाने के लिए संपर्क कीजिए।
म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६
www.swaminarayanmuseum.org/com • email:swaminarayanmuseum@gmail.com

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी
(गांधीनगर)

भक्तरक्षक भगवान

(शास्त्री हरिप्रियदासजी, गांधीनगर)

जिस तरह माता अपने बालक का ख्याल रखती है। समय होगया है, भूखा होगा, उसके लिये यह बनादूं, इसी तरह भक्त के लिये भगवान भी चिन्ता करते है। मेरे भक्त के घर इसकी कमी है, यह उसे चाहिये, उसके खेत में पाक इस वर्ष नहीं हुआ, इस तरह की प्रभु क्यों चिन्ता करते है। यही भगवान की भक्तवत्सलता है।

वात सौराष्ट्र में खोलडीयाद गाँव की है। भगवान के भक्त ऐसे होते है जो भजन-भक्ति-सत्संग में अपना समय बिताते है। गढपुर में दादाखाचर के दरबार में संत-भक्तों की सभा भरी हुई थी। उसी समय खोलडीयाद के भक्त रुडा ने अपने साथ लाये हुये बाजरी का पोटला एकतरफ रखकर महाराज को दंडवत प्रणाम करने लगे। सभा को जब रुडा भक्त प्रणाम कर चुके तो महाराजने पूछा कि भक्त ! यह पोटला में क्या है ? महाराज ! आप के कृपाप्रसाद से बाजरा की अच्छी खेती हुई है। जिसकी रोटी बनवाकर लाया हूँ। आपकी संतोकी, भक्तोंकी सेवा के लिये। अरे ! इसमें हमारे कृपाप्रसाद की क्या आवश्यकता। जैसे सबके हुये उसी तरह आपके भी हुए महाराज आप साक्षात् परमात्मा है। आप सब जानते है फिर भी मेरे मुख से सुनना चाहते है।

आज से थोड़ा समय पूर्व जहाँ देखिये वहाँ दुष्काल ही दुष्काल था। पूरा देश सूखा में घोंषित किया गया था। भूखमरा की स्थिति थी। सभी एक दूसरे को लूट मार रहे थे। बालको को भी बेच देते थे। उसी समय आप हमारे गाँव में पधारे थे। मेरे घर में भी एक अनाज का दाना नहीं था। उस समय आप मुझसे पूछे थे। घर में अनाज है ? और नहीं है तो खरीद लें, मैने कहा था पैसे घर में नहीं है। गहना बेच कर खरीद ले, गहनाभी नहीं है, करजा करके ले ले। यह भी आप कहे थे कि कोई रास्ता नहीं है तो बता, वर्ष में अन्न की कितनी खपत है। तब मैने कहा था ! पूरे वर्ष पांच मन अनाज की जरुरत है। अनाज बिना क्या करोगे ? उसी लिये आपसे प्रार्थना करता हूँ कि हे महाराज ! हमें अक्षरधाम में पहले उठा ले जाइये जिससे यह प्रश्न जल्दी छूटे। ऐसी क्या जरुरत ! क्यों ! मैं क्यों किसी को मारुं ! आप एक काम करो सुराखाचर के गाव में आइये। वहाँ खेती में काम कीजियेगा, समय निकल जायेगा। महाराज ! आप की बात सत्य है, लेकिन क्षत्रिय है, खेती करना नहीं आता। तब भूखे मरो। इसी लिये तो कहता हूँ कि महाराज, जल्दी हमे उठा लीजिए।

आप पूछे कि कुछ खेत में बीज डाले हो या नहीं ? महाराज बीज डाला तो हूं, लेकिन बरसात तो होता ही नही है। ५० बिघा बाजरा खेत में डाले है। लेकिन सूखे के कारण उगने के बाद भी सूख गया है। जब सूख गया है तो बरसात होने से भी उसे क्या फायदा होगा ? महाराज बरसात हो जाय तो निश्चित पाक होगी। इस तरह से आप मेरे साथ बात करते करते ५-६ गाँव तक पैदल चलते रहे, बाकी दूसरो को वापस कर दिये थे। बाद में हमें भी घर जाने के लिये कह दिये। मैं घर

जाकर सो गया । प्रातः होते ही बहुत सारे लोग दरवाजे पर आकर चिल्ला रहे थे रुडा भगत उठो, उठो..... आज आपके खेत में चमत्कार हो गया है । कहीं भी एक बूंद पानी नहीं और आप के खेत में पानी ही पानी भरा हुआ है । यह सुनते ही रुडा भगत घर में ताला बन्द करके दौडते हुये खेत में पहुंचे तो देखा कि सारा खेत पानी से लबालब भरा हुआ है । अब वे उसी खेत के पास एक झोपड़ी बनाकर रहने लगे । जब तक पूरा पाक तैयार नहीं हुआ तब तक वहीं रहे । मेरे खेत में पानी अन्यत्र कहीं नहीं तो यह आपका चमत्कार नहीं तो और क्या ?

बाजरा अच्छा हुआ है यह सुनते ही खेत का मालिक जो क्षत्रिय था वह खेत में आया और भाग मांगने लगा । गाँव के बहुत सारे लोग एकत्रित हो गये और कहने लगे दरबार इसमें आपका कोई हक नहीं यह बाजरा तो सूख गया था । लेकिन रुडा भगत की भक्ति पर प्रसन्न होकर भगवान स्वामिनारायणने यह चमत्कार किया है । यह बाजरा रुडा भगत का कहा जायेगा । आया हूँ तो प्रसादी का बाजरा लेकर जाऊँगा । बाद में उस खेत के मालिक दरबार को भी हिस्सा दिया । बाकी जो मेरे हिस्से का था उसमें से घर ले जाने से पूर्व कुछ पोटले में बांधकर यहाँ लाया हूँ । घर लेगया तो पांच मन अन्न हुआ .

प्रभु आप धन्य है । आपकी लीला न्यारी है, कौन समझ समकता है । यह बाजरा पहले आपको अर्पित करुं बाद में अपने जीव के लिये उपयोग में लूं । इसी लिये यह बाजरा का पोटला आपके चरण में अर्पित करने आया हूँ ।

आपकी कृपा से वर्ष सुंदर गया । मैं तथा मेरा परिवार सुखी हो गया । अब हम सुखपूर्वक आपकी भजन करते है । उसी समय सभा में बैठे हुए मुक्तानंद स्वामी बोले महाराज ! आप बड़े दयालु है । सभी भक्तों की खबर रखते हैं । बाद में महाराज सभा के बीच में ही पोटला खोलवाते है, इसमें से एक मुठ्ठी बाजरा मुख में डाले बचा हुआ बाजरा उसी पोटली में डालकर कहते हैं इसे सभी में प्रसाद के रुपें बांट दो । संत-हरिभक्त सभी बड़ी श्रद्धा से उसे खाये ।

प्रिय भक्तों ! आज भी भगवान तो वही है । वही करुणा आज भी प्रभु के हृदय में भक्तों के प्रति बहती रहती है । परन्तु भक्त की अटूट श्रद्धा प्रभु के प्रति होनी चाहिये । भक्ति सच्ची हो, श्रद्धा हो तो भगवान भक्त की सहायता अवश्य करते हैं । इसका कारण यह है कि भगवान स्वामिनारायण इस सत्संग में सदा प्रगटरुप में रहते हैं ।

●

भगवान का दिया हुआ

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

महाभारत की एक कथा है । कौरव एकत्रित होकर भीम को भोजन में जहर दे दिये । बाद में उनका हाथ पैर बांधकर नदी में डाल दिये । भीम नदी पडे लेकिन समुद्र के सहारे पाताल में चले गये । भीम इस तरह मरने के लिये पैदा नहीं हुये थे । वह तो मारने के लिये पैदा हुए थे । लेकिन कौरवो को इसकी खबर नहीं थी । जहर खिलाये, हाथ-पैर बांदकर नदीं में डालकर वे सब घर आगये । भीम पाताल में पहुंच गये । इधर प्रचार हो गया कि भीम की मृत्यु हो गयी । सभी तो मान ही गये लेकिन द्वारकाधीश भी यह सत्य मान गये । वे भी भीम की शोक सभा में आये ।

वे जानते थे फिर भी अज्ञानीकी तरह व्यवहार करते हुए सभी के साथ है । शोक सभा में सभी से अधिक दुर्योधन ने सोक व्यक्त किया । इस जगत की लीला बड़ी निराली है जो आता है वह जाता है । लेकिन दुर्योधन तुरंत बोला, यह ठीक नहीं हुआ । हमारी ईज्जत चली गयी । मेरा दाहिना हाथ टूट गया । भगवान इस रहस्य को जानते थे कि सही में तेरा दाहिना हाथ अब टूटेगा । दाहिना हाथ ही नही, दाहिना पैर भी टूटेगा । सब कुछ

सुनने के बाद भी प्रभु मौन ही रहे। धीरे धीरे इस वात को एक वर्ष बीत गया। हस्तिनापुर में भीम का श्राद्ध निश्चित हुआ। सभी ब्राह्मणों को भोजन का निमन्त्रण दिया गया। हस्तिनापुर के ब्राह्मण पीताम्बर धारण करके भोजन करने के लिये आने लगे। उसी समय भीम पाताल लोक में से बाहर आते हैं। उस समय भीम की दाढी बढ गयी थी। बाल अस्तव्यस्त था। इसके लिये भीम को कोई पहचान नहीं पाया। दूसरे ब्राह्मण भी उन्हे ब्राह्मण समझे।

भीम ने पूछा ब्राह्मण देव ! आप लोग कहाँ जा रहे हैं ? आपको खबर नहीं। भीम का आज श्राद्ध है। भोजन के लिये जा रहे हैं। आप भी चलिये। एक ब्राह्मण की संख्या और बढ जायेगी। भीम का स्वभाव विनोदी था। उनके मन में हुआ कि देखों तो सहीं क्या होता है। उन्हीं ब्राह्मण की पंक्ति में जाकर बैठ गये। सभी के साथ भोजन परसने के लिये जो भी आता डबल भोजन परसाजाता, सभी भोजन चबाकर खाते भीम उसे एक सेकेन्डमें भीतर उतार देते। सारा भोजन-मिष्ठान्न-पक्वान्न जो भी था वह सब खाली होगया। बड़े बडे बरतनमें जो पकाया या रखा गया था वह सब लाकर सामने रख दिया गया, सब खत्म हो गया फिर भी पेट नहीं भरा। उस श्राद्ध कर्म में भगवान उपस्थित थे। उन्हें हो गया कि भीम आ गये हैं। आने के साथ ही चमत्कार दिखा रहे हैं। कुंतीजी को इसकी खबर मीली, उन्हे ऐसा होगया कि इतना भोजन तो मेरा बेटा ही खा सकता है। दूसरा नही हो सकता। लेकिन सावित कैसे हो कि वही है। वह मेरे हाथ के लड्डू से ही तृप्त होता है। वे तुरंत रसोई में जाकर पांच लाडू बनाकर युधिष्ठिर से कहीं कि जाकर उसे खिलाकर आओ।

युधिष्ठिर उन की थाली में पांच लाडू रखदिये। एक लड्डू खाते ही उन्हें तृप्ति हो गयी सूदरे लड्डू खाने की जरुरत ही नहीं पड़ी। मां के स्पर्शवाले लड्डू से ही उन्हें तृप्ति मिलती थी। कुन्तीजी भोजन परसे तभी इन्हें तृप्ती मिलती थी।

माँ के हाथ का भोजन जिस तरह जीवन में तृप्ति ला देता है ठीक यही स्थिति भगवान के हाथ का स्पर्श जीवन में तृप्ति लादेता है।

सज्जनो ! यह कहानी विचार पूर्वक वांचने लायक है। परमात्मा जिन्हें पैसे देते हैं उन्हें तृप्ति (संतोष) होनी चाहिये। यदि ऐसा न हो तो असंतोष ही जीवन में अशान्ति का कारण बन जाता है। जो ऐसा मानता हो कि हमारे ऊपर भगवान की कृपा है। उन्हीं की कृपा से हमें नौकरी मिली है, उसमें २-५ हजार रुपये पंच भी रहे हैं। इतना बहुत है। जीवन में आनंद है। इसी को तृप्ति कहेंगे। जिन्हे ईश्वर नहीं देता उसके जीवनमें शान्ति नहीं मिलती। संतोष नहीं रहता, हाय, हाय बना रहता है। पूरी पृथ्वी को खरीद लेना चाहता हैं इस तरह दोंडता रहता है। जिसके जीवन में तृप्ती नहीं हो, यह समझ लेना चाहिये कि भगवान का दिया हआ नहीं है। जिन्हे भगवान देते हैं उनके जीवन में संतोष रहता है।

इसलिये भगवान की इच्छा मानकर जो भी धंधा, व्यापार, नौकरी, प्राप्त हुई हो उसमें संतोष करना चाहिये और भगवान को उसमे से भाग निकाल कर अर्पण करना चाहिये। बाद में घर में लाना चाहिये तभी भगवान का दिया हुआ कहा जायेगा। वही धन संतोष शांति आनंद देने वाला होगा। जीवन में दिव्य तृप्ति का एहसास होगा।

Caller Tune (वोडाफोन धारण करने वाले)

प.पू. बड़े महाराजश्री की उपस्थिति में श्री नरनारायण देव की महिमा बताते हुये कोलर ट्यून (वोडाफोन धारण करने वाले) अपने मोबाईल में चालू करने के लिये सी.टी. नाम महाराजश्री सी.टी. कोड २७०९३०

Caller Tune Name : Maharajshri
Caller Tune Code : 270930

भक्तिसुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से "परमात्मा के मूल स्वरुप की पहचान"

(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

जब जब परमात्मा इस पृत्वी पर मनुष्य शरीर धारण करते है तब तब परमात्मा के अवतार का तीन मुख्य हेतु होता है। श्रीकृष्ण भगवानने गीता में कहा है -

परित्राणाय साधूनां विनाशाय चदुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥

साधु पुरुषो के रक्षण हेतु, तथा दुष्टों के नाश के लिये एवं धर्म की स्थापना के लिये मैं युग युग में प्रगट होता है। द्वापर युग के अन्त में श्रीकृष्ण भगवान जब पृत्वी पर अवतार धारण किये तब उनका भी तीन मुख्य कारण था ।

(१) साधुपुरुषो के रक्षण के लिये अर्थात् जो सत्य का आचरण करते है, धर्म का पालन करते हैं उन सभी की रक्षा के लिये स्वरुप धारण करते है अधर्म का आचरण करने वाले कंस से अपने माता-पिता की तथा कौरवो से पांडवो की अधासुर से गोपबालों की रक्षा किये थे।

(२) दुष्टों के विनाश के लिये - अर्थात् जो अधर्मी लोग है विना कारण दु:ख देने वाले हैं ऐसे दुष्कर्म करने वालों को दंड देने के लिये परमात्माने अपने जन्म के समय से ही पूतना शकटासुर, बकासुर, वत्सासुर, अघासुर, कंस, शिशुपाल, जरासंध, कालयवन तथा अंत में छप्पन करोड़ यादवों का संहार किये।

(३) श्रीकृष्ण भगवान का तीसरे अवतार का कारण एकांतिक धर्म की स्थापना करना । परमात्मा अपने जाने के अन्तिम समय में पीपल वृक्ष के नीचे प्रभासक्षेत्र में विराजमान थे। उस समय वे विचार करते हैं कि दो कार्य तो अच्छी तरह पूर्ण हो गया, जिसे पूरा करने में सवासों वर्ष बीत गया। जो मेरा तीसरा कार्य है उसे किसी अन्य को सौंप देना है। इस तरह विचार करते है। उसी समय वहाँ पर मैत्रेयऋषि तथा उद्धवजी आ गये । भगवानने उनसे कहा कि आप दोनो मेरे स्वरुप को जगत में प्रतिष्ठापित करना । इसके साथ ही धर्म की स्थापना करना । यह सुनकर मैत्रेयऋषि को कहा कि हमारी उम्र पूर्ण हो गयी है अत: मुझसे सम्भव अब नहीं है । पुन: भगवान ने मैत्रेय से कहा कि विदुर जी को मेरे स्वरुप की पहचान कराना है । एकांतिक धर्म की स्थापना करने का उत्तरदायित्व उद्धवजी को सोंप दिये ।

उद्धवजी मूल स्वरुप की पहचान कराने के लिये जगत में घूमने लगे। परंतु जब जब भगवान के चरित्र का वर्णन करते तब-तब गला भर जाता था। आवाज बंद हो जाती थी। इस तरह उन्हे ११४ वर्ष बीत गये। फिर भी वरपरमात्मा के स्वरुप की पहचान नहीं करापाये। बाद में भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किये। प्रार्थना करने लगे कि हे प्रभु ! आप का प्रचार मैं किस तरह करुं ? परमात्मा ने प्रेरणा की कि आप बद्रिकाश्रम में जाइये। बद्रिकाश्रम में श्री नरनारायणदेव तप कर रहे हैं ।इस तरह उद्धवजी बद्रिकाश्रम में जाकर तीन हजार वर्ष तक तप करते हैं। भगवान स्वामिनारायण कहते थे कि मैं किसी पर जल्दी प्रसन्न भी नहीं होता और जल्दी नाराज भी नहीं होता । भगवान श्री

प्रसादीभूत गवाडा
श्री स्वामिनारायण मंदिर का
३१ वाँ पाटोत्सव
श्री नरनारायणदेव की जय.....
श्री नरनारायणदेव की प्रतिष्ठ
गाँव सफाई अभियान

श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा के पंचम् पाटोत्सव



चौधरी समाज के चोखड़ुं



प्रसादीभूत गवाडा
श्री स्वामिनारायण मंदिर का
३१ वाँ पाटोत्सव

शोभायात्रा

नरनारायणदेव में तथा भगवान श्री स्वामिनारायण में थोडा भी अन्तर नहीं है। दोनो एक ही है. उद्धवजी की तीन हजार वर्ष तक की प्रार्थना सुनकर श्री नरनारायणदेव प्रसन्न होते हैं। वरदान मांगने को कहते हैं कि आपने जो एकान्तिक धर्म की स्थापना के लिये कह रहे हैं वह संम्भव नहीं हो सका। अब आप कृपा कीजिये। तैतीस करोड देवता प्रगट हुए। लेकिन वे देवी-देवता पहचान नही करा सके। शंकर भगवान भी शंकराचार्य के रुप में आकर दक्षिण में धर्म का प्रचार किये। फिर भी उद्धवजी को हुआ कि जैसा चाहिये वैसा धर्म स्थापना नहीं हुआ। इस के बाद रामानुजाचार्यजी सवासौ वर्ष पृथ्वी पर रहे फिर भी उद्धवजी को शांति नहीं मिली। बाद में उद्धवजी श्री नरनारायणदेव के पास बद्रिकाश्रममें आकर कहते हैं कि आपके सिवाय कोई ऐसा नहीं है जो यह कार्य कर सके। श्री नरनारायणदेव भगवान ही पृथ्वी पर मनुष्य रुप धारण करके यह कार्य करने का शुभ संकल्प किया। उसी समय ८८ हजार ऋषियों का आगमन होता है। ऋषियों का स्वागत करके भगवानने सभी के आनेका कारण पूछा। भगवान से सभी ने अधर्म के उपद्रव की बात की। उसी समय वहाँ पर धर्मपिता तथा माता मूर्तिका आगमन होता है। भगवान नारायण उन दोनों का स्वागत करते हैं उसके बाद मुनि लोग भगवान से पृथ्वी पर हो रहे अधर्म के उपद्रव की वात करते हैं। सभी लोग भगवान की तरफ देखते रहते हैं। उस समय भगवान की प्रेरणा से दुर्वासाऋषि आते है, सभी लोग अपने विचारों में लीन रहते हैं ऋषि का स्वागत न होने से वे स्वयं अपने को अपमानित मानने लगते है। परिणाम स्वरुप सभी को श्राप देते हैं। आप सभी लोग मनुष्यभाव को प्राप्त कीजिये। असुरों से अनादर के पात्र बनें। बाद में धर्म देव प्रार्थना करते है। जिससे वे प्रसन्न होकर कहते है - कि हे धर्मदेव ! आप मूर्ति देवी के पति होंगे और मूर्ति देवी से ही भगवान नारायण पुत्र के रुप में उत्पन्न होंगे। असुरों से रक्षा करेंगे। इस तरह भगवान श्री नारायण देव ही श्री स्वामिनारायण के रुप में पृथ्वी पर प्रगट होकर अपने मूल स्वरुप की पहचान करवागे। सभी को आज्ञाकिये कि आप सभी अपनी माता-पिता की शोधकरके उनके यहाँ शरीर धारण कीजिये। उद्धवजी को कहे कि आप जाइये पीछे से हम भी आयेंगे। आप के नाम से ही वह सम्प्रदाय जाना जायेगा। हम लोग कितने भाग्यशाली है, हमें घर बैठे भगवान मिल गये। हमें स्वयं भगवान नरनारायण देव मिल गये हैं। वह मूर्ति नहीं है बल्कि मूर्ति में प्रत्यक्ष प्रभु ही हैं। नरनारायणदेव बहुत दयालु है। आज भी अपने आश्रितो के लिये तप करते हैं। उन्हें तप की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे स्वयं भरतखंड के राजा है। परंतु तप करके अपने आश्रितों को तप का फल प्रदान कर देते हैं। विना तप के मूल स्वरुप का ज्ञान सम्भव नहीं है। संसार में भी सामान्य आदमी भी विना पुरुषार्थ के क्रियाशील हनीं होता है। परिवार के पोषण हेतु कितना उधम करता है। जब भगवान श्रीनरनारयाण देव जगत के माता-पिता है तो अपने आश्रितों के लिये तप करने है और तप का फल आश्रितों को देते हैं। इसलिये उनकी आज्ञा में हमें रहना चाहिये तभी कल्याण सम्भव है।

●

परमात्मा के नाम स्मरण की महिमा

सां.यो. कुंदनबा गुरु सां.यो. संचनबा (मेडा)

हे भक्तो ! परमात्मा के नाम स्मरण से सभी पाप नष्ट हो जाते है। लोया के छठ्ठे वचनामृत में श्रीजी महाराज ने कहा है कि ध्यान करते समय गलत विचार आवे तो जोर से स्वामिनारायण - स्वामिनारायण मंत्र का जब करना चाहिये। स.गु. शतानंद स्वामीने सत्संगिजीवन में लिखा है कि चाहे जितने बड़े पाप का प्रायश्चित करते हों लेकिन उसमें भगवान के नाम का स्मरण नहोतो सम्पूर्ण फल

नहीं मिलता है । निष्कुलानंद स्वामी ने हरिबलगीता में लिखा है कि -

पुरुषोत्तम प्रगटनुं नाम निर्भय निशाण,
जे जन जीने उच्चरे ते पामे पद निर्वाण.
त्रिलोकमां तपासता, नावे नारायण नाम तुल्य,
पतित ने पावन करवा, ए छे निधिअमूल्य.
हिरण्यकशिपुश्रवणे सांभळ्यो, नारायण नाम नो नाद,
तप तजी त्रिपालजी तेना थया भक्त प्रहलाद.

भगवान के नाम का स्मरण का फल प्रत्यक्ष भगवान के नाम स्मरण जैसा है।

भागवत में अजामिल का एक प्रसंग आता है । महापापी उन जामिल नारायण का नाम लिया तो उसका सम्पूर्ण पाप नष्ट हो गया।

यमदूत के यमपास से मुक्त हो गया। भगवान के नाम स्मरण से साधारणजीव भी उच्चस्थिति को प्राप्त हो जाता है । जिस तरह वाल्मिकी पूर्वावस्था में लूटमाट-हत्या इत्यादि करता था जब नारदजी मिले उनके द्वारा रामनाम प्राप्त करके उसी का अखंड स्मरण करता रहा है - जिससे उसे त्रिकालज्ञान प्राप्त हो गया। परिणाम स्वरुप वह वाल्मीकिऋषि हो गया। यह महत्व भगवान के नाम स्मरण का है । भगवान के नाम स्मरण से वासना नष्ट होजाती है। काशी के रामाभंगी को काशी नरेश की पुत्री का दर्शन होने मात्र से उसकी वासना जग गयी । परंतु राजकुमारीने उससे कहा कि गंगातट पर बैठ कर राम नाम का स्मरण कर बाद में हम तुम्हें मिलेंगी। अब ऐसा हुआ कि राजकुमारी के स्मरण की जगह राम ही स्मरण में आने लगे । महान संत के नाम से प्रतिष्ठित हो गये । तुलसीदासजी लिखते हैं कि,

ऊँचाकुल किस काम का जहाँ नहीं हरिका नाम,
तुलसी ता ते श्वपचभला, जा मुख में हरिकानाम.
सुख के शीर शील पडो, जो नाम हृदय से जाय,
बलिहारी वह दुःख की पल पल नाम जपाय.

व्रतादि के समय भी हरिनाम स्मरण से पाप नष्ट हो जाता है जिस तरह अखंड दीपक अंधकार को नष्ट करता है उसी तरह हरि का अखंड नाम स्मरण से भी पाप नष्ट होता है। दीपक बुझते ही अंधकार आजाता है - दीपक न बुझे तो प्रकाश बना रहता है इसी तरह हरिका नाम स्मरण नित्य निरन्तर करते रहना चाहिये।

स्वामिनारायण संप्रदाय में एक प्रसंग आता है - कच्छ प्रांत में दहिंसरा नाम का एक गाँव है। उस गाँव में केसरभाई नाम के एक भक्त रहते थे। वे खेती करते थे। उनके खेत में एक कालिया नाग रहता था। सभी उनसे कहते कि इस नाग को मरवा दीजिये। अन्यथा कभी वहि खतरा करेगा । केसरभाईने कहा कि मैं स्वामिनारायण का भक्त हूं, भगवानने हिंसा करने के लिये मना किया है। संयोगवश एकदिन प्रातःकाल खेत में पानी भरने गये, उन्हें सर्प ने डंस लिया वे भागते हुये स्वामिनारायण मंदिर में आये, वहाँ पर सारा गाँव एकत्रित होगया। सभी लोग झाडफूंक करने लगे। कोई कहता कि मारने के लिये कहे तो मारे नहीं अब खुद परेशान हो गये । उन्होंने कहा कि मुझे किसी झाडने फूंकने वाले की जरुरत नहीं मैं स्वामिनारायण मंत्र का जपकर रहा हूँ ठीक हो जाऊँगा। सभी लोग उनके साथ मिलकर हरिनाम स्मरण करने लगे। धीरे धीरे सर्प का विष उतरने लगा । इससे यह स्पष्ट होता है कि हरिनाम स्मरण करने से नाना विधरोग दोष-मोह-पीडा सभी नष्ट होजाती है। इसी तरह स्मरण करते रहने से अन्तिम समय में स्मरण होजाय तो संसार सागर से तर जायेगा।

भगवान की अटूट श्रद्धा बनी रहे तथा गादी वाला में अटूट श्रद्धाबनी रहे एसी भगवान के चरणों में प्रार्थना।

●

जहाँ सुमति तहं संपतिनाना

सां.यो. कोकिलाबा (सुरेन्द्रनगर)

गुजराती में ''संप त्यां जंप'' की कहावत प्रसिद्ध है। जीवन में अखंड शांति के लिये यह उक्ति चरितार्थ होती है। सतयुग के समय परिवार में एक दूसरे के प्रति स्नेह, आदर का भाव रहता था। विवेक, मर्यादा, संयम, त्याग इत्यादि का भाव अधिक पाया जाता था। यह सब सद्‌गुण एकता का परिचायक है। परिवार में इसतरह की भावना शांति प्रदान करती है, सुख को देती है। इससे अखंड शान्ति ही नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, व्यवहारिक, आध्यात्मिक इत्यादि जीवन के सभी क्षेत्र में सुख प्रदान करने वाली है। एकता में ही जीवन सुखी होता है। आज के युग में गमनागमन की व्यवस्था, फोन द्वारा संदेश का व्यवहार सभी साधन समग्र विश्व को एक दूसरे के नजदीक कर दिया है। समग्र विश्व एक कुटुम्ब बन गया है।

आज के युग में मोबाईल, टी.वी., वीडियो, इन्टरनेट, कम्प्यूटर इत्यादि अद्यतन सभी साधन मानवजीवन को अशान्त बना दिये है। मावन अब शांति की झंखना कर रहा है, उसे कही शांति नजर नहीं आ रही है। अखंड अशांति के कारण मानव कृत्रिम आनंद, संतोष तथा शांति के लिये कुसंग, कुटेव, व्यसन में फंसता जा रहा है। ऐसे कृत्रिम अशांति वाले साधनो में फंसा हुआ मानव डायाबीटीश, ब्लडप्रेशर, केन्सर इत्यादि रोगों से आक्रांत होता जा रहा है। ऐसे रोगो से आक्रांत मानव का स्वभाव अभिमानी, क्रोधी, चीडचिडा स्वभाव, अशांत होने के कारण अघटित घटना घटा देता है अर्थात् न करने के योग काम कर बैठता है। इसके लिये महौषधिएक मात्र पारिवारिक एकता।

आज के जमाने में देखने के लिये मिलता है कि एक पिता से जन्म लेने वाले सभी भाईयों में मन मेल नहीं खाता, मतभेद रहता है। जिस में एकता नष्ट होती है और अशांति का माहौल बन जाता है। यहीं से उसका जीवन नरक जैसे होने लगता है। मेरा-तेरा भाव ही भाइयों में भेद पैदा करदेता है। यह मेरा बेटा यह मेरा धन यह मेरी व्यस्था या यह मैने किया है तुमने क्या किया इत्यादि जब चालू हो जाय तब समझ लेना चाहिये कि यहाँ से अलगावबाद का सिद्धान्त चालू हो गया है। थोडी त्याग की भावना रखकर कमी विना देखे अर्थात् दोष एक दूसरे में विना देखे जो कार्य करता रहेगा निश्चित ही वहाँ एकता होगी और विकासभी वहीं होगा। अन्यथा विवाद होगा विकाश रुक जायेगा। संबंन्धजोडने मे विकास है - सबंधतोडने में नहीं।

